हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 6 फरवरी 2025



# पीडीएस के चावल को रीसाइकल कर खपा रहे मिलर्स, 30% तक ब्रोकन की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

जिले में एक बार फिर से प्रशासन के साथ सांगगांठ कर मिलर्स ने कनकी और पीडीएस के चावल को खपाने का काम शुरू कर दिया है। पीडीएस के चावल को ही रीसाइकल कर नान में जमा कराने की शिकायतें सामने आ रही है। इतना ही नहीं मिलर्स द्वारा तय पैमाने से अधिक लगभग 30 से 32 फीसदी तक ब्रोकन चावल को मिलाकर नान में जमा कराया जा रहा है। चिंताजनक बात यह है कि जिन अफसरों पर कार्रवाई का जिम्मा है, उन्होंने भी चुप्पी साध रखी है।

## लगातार आ रही शिकायतों के बाद भी एक्शन नहीं ले रहा विभाग, उठने लगे सवाल

### 87 मिलर्स का अनुबंध

धान खरीदी के बाद चावल की मिलिंग के लिए सरकार मिलर्स से अनुबंध करती है। मार्कफेड से मिली जानकारी के अनुसार खरीदी केन्द्रों से धान उठाव करने जिले में इस बार 87 मिलर्स से अनुबंध हुआ है। मिलर्स द्वारा अब तक खरीदी केन्द्रों से 47 लाख क्विंटल धान का उठाव किया गया है, लेकिन नान और एफसीआई में इसके मुकाबले 5 फीसदी चावल भी जमा नहीं हो पाया है।

### खास बातें

- जनवरी महीने में ही आठ लॉट किए गए कैंसिल
- अब सांठगांठ कर कनकी खपाने का खेल शुरू



### कनकी का चल रहा खेल

मिली जानकारी के अनुसार मिलर्स को अधिकतम 25 फीसदी तक ब्रोकन यानि कनकी चावल सप्लाई करने की छूट दी जाती है, लेकिन जिले में मिलर्स अफसरों के साथ सांठगांठ कर 30 से 32 फीसदी तक ब्रोकन की सप्लाई कर रहे हैं। बड़ी बात यह है कि मिलर्स पीडीएस के चावल को ही दोबारा मिलिंग कर जमा कर रहे हैं, लेकिन अब तक इनके खिलाफ कोई बड़ा एक्शन नहीं हुआ है।

उल्लेखनीय है कि किसानों से 3100 की कीमत अदा कर धान खरीदने के बाद सरकार उसकी मिलिंग का जिम्मा राईस मिलर्स को देती आई है। मिलर्स मिलिंग के बाद चावल को एफसीआई, नान और पीडीएस में जमा करते हैं। इस बार भी यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन मुनाफाखोरी के चक्कर में मिलर्स लगातार नियम विरुद्ध चावल की सप्लाई कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिले में 907 सरकारी राशन दुकान संचालित है। इसमें 812 दुकानों में नागरिक आपूर्ति निगम से मिलर्स द्वारा जमा कराए गए चावल की सप्लाई होती है। इन राशन दुकानों में नॉन द्वारा 75 हजार क्विंटल चावल सप्लाई किया जाता है, लेकिन अब तक इसके मुकाबले 60 फीसदी ही चावल जमा हो पाया है। जिसके चलते व्यवस्था बिगड़ सकती है।

## खबर संक्षेप

### मतदान पर अवकाश

**राजनांदगांव।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नगरीय निकाय अंतर्गत मतदान तिथि 11 फरवरी को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत मतदान तीन चरणों में आयोजित होगा। जिसके लिए मतदान तिथि 17 फरवरी एवं 20 फरवरी को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। मतदान तिथि 23 फरवरी को शासकीय अवकाश होने के कारण पृथक से सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित करने की आवश्यकता नहीं है।

### प्रवेश परीक्षा 8 को

**राजनांदगांव।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए लैटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। कक्षा नवमीं हेतु सेंट विंसेंट पेलोटी इंटरनेशनल स्कूल डोंगरगढ़ एवं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। कक्षा 11वीं हेतु शा.उमा विद्यालय बधियाटोला को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षार्थी को अपने साथ प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

## नाम निर्देशन पत्र की जांच पूरी, आज नाम वापसी का अंतिम दिन

# बिना चुनाव लड़े ही पंच बन गए 378 प्रत्याशी, भैंसातरा सरपंच भी निर्विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पिछले 27 जनवरी से जारी नामांकन दाखिले की प्रक्रिया समाप्ति के साथ ही जिलेभर में 378 पंच निर्विरोध चुन लिए गए हैं। इसके साथ ही भैंसातरा पंचायत का सरपंच भी निर्विरोध चुना गया। इन सभी पदों के लिए एक ही नामांकन पत्र जमा हुए थे। वहीं नामांकन पत्र की जांच के दौरान पंच पद के 16 और सरपंच के 2 फार्म रिजेक्ट किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिले में 1610 पंच, 110 सरपंच और 25 जनपद सदस्यों का चुनाव होना है। जिसके लिए 27 जनवरी से नामांकन दाखिले की प्रक्रिया शुरू की गई थी। तीन फरवरी तक चली इस प्रक्रिया के दौरान पंच के लिए 3475, सरपंच के लिए 536 और जनपद सदस्यों के लिए 116 नामांकन फार्म जमा किए गए थे। इनमें से 18 फार्म को जांच के दौरान रिजेक्ट कर दिया गया है।

## भैंसातरा ग्राम पंचायत में निर्विरोध सरपंच बनी अंजनी वर्मा

### खास बातें

- तीन चरणों में हो रहे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव
- 17, 20 और 23 फरवरी को होंगे गांव में मतदान
- मतदान के अगले दिन ही मतगणना
- आरक्षण के कारण कई सीटों में निर्विरोध चुन लिए पंच-सरपंच




### सरपंच बनने 538 अभ्यार्थी मैदान में

जिले की 110 ग्राम पंचायतों की कमान यानि सरपंच बनने के लिए 538 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। इनमें से दो का फार्म रिजेक्ट हो गया है। भैंसातरा में निर्विरोध चयन के बाद अब शेष 109 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के चुनाव होंगे।

### जनपद में पांच गुना नामांकन

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत राजनांदगांव जनपद की 25 सीटों पर भी चुनाव कराए जा रहे हैं। इनके लिए 116 नामांकन फार्म जमा किए गए हैं। इनमें किसी का भी नामांकन स्क्रूटनी के दौरान रिजेक्ट नहीं किया गया है। वहीं दो अभ्यर्थियों ने अब तक अपने नाम वापस ले लिए हैं। आज अंतिम मौका है।

**पंच के लिए साढ़े तीन हजार फार्म :** जिले की 110 ग्राम पंचायतों में हो रहे चुनाव के तहत कुल 1612 पंच पदों के लिए नामांकन फार्म आमंत्रित किए गए थे। जिनके लिए तय अवधि के दौरान 3475 फार्म अभ्यर्थियों द्वारा जमा कराए गए थे। इनमें 378 पंच पदों के लिए एक ही नामांकन फार्म जमा हुए थे। ऐसे में यहां बिना मतदान के ही निर्विरोध पंच चुन लिए गए है। वहीं शेष 1234 पंच पदों के लिए एक से अधिक नामांकन दाखिल होने के चलते यहां आगामी 17, 20 और 23 फरवरी को मतदान की प्रक्रिया कराई जाएगी। ज्ञात हो कि ग्रामीण चुनाव में बैलेट पेपर के माध्यम से वोटिंग होनी है।

## आज साफ होगी चुनावी तस्वीर

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सहित 4 ने वापस लिया नाम, 63 बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जारी जिला पंचायत चुनाव के नाम वापसी की प्रक्रिया के दौरान बुधवार को जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती चित्रलेखा वर्मा सहित चार अभ्यर्थियों ने नाम वापस ले लिया है। जिसके बाद मैदान में अब 63 अभ्यर्थी शेष रह गए हैं। हालांकि गुरुवार को दोपहर तीन बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया के समाप्त होने के बाद ही चुनावी तस्वीर साफ होगी।

जिला पंचायत चुनाव के तहत 13 सीटों के लिए कुल 68 अभ्यर्थियो ने नामांकन दाखिल किया था। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान सिंघोला सीट से एकता चंद्राकर का फार्म रिजेक्ट होने के बाद मैदान में 67 अभ्यर्थी शेष रह गए थे। बुधवार को नाम वापसी प्रक्रिया के तहत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक दो लिटिया से जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष चित्रलेखा वर्मा ने अपना नाम वापस ले लिया है। उसी तरह क्षेत्र क्रमांक 3 टेडेसरा से धनेन्द्र कुमार साहू, क्षेत्र क्रमांक सात तुमड़ीबोड़ से दीपक कुमार सिन्हा और जितेन्द्र सिन्हा ने अपना नाम वापस ले लिया है। मैदान में अब 63 अभ्यर्थी शेष रह गए हैं।

इधर नामांकन दाखिल कर चूकें अभ्यार्थियों ने अपने समर्थन में प्रचार भी शुरु कर दिया है। सबसे अधिक जोर क्षेत्र क्रमांक 3 और 11 में देखने को मिल रहा है। वहीं महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों में भी जोरदार टक्कर देखने को मिल रही है। अब आज यह साफ हो जाएगा कि किस सीट में कितने प्रत्याशियों के बीच चुनाव होंगे।

### कांग्रेस में बिखराव!

जिला पंचायत सदस्य के चुनाव को लेकर कांग्रेस में बिखराव और बगावत के पूरे आसार दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस के कई नेताओं ने अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ मैदान में उतरकर अभी से बड़ी चुनौती दे दी है।

### चुनाव चिन्ह का आबंटन आज

नाम वापसी की प्रक्रिया कल 6 फरवरी को दोपहर तीन बजे समाप्त हो जाएगी। इसके बाद प्रशासन द्वारा अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जाएगा। इसके साथ ही जिला पंचायत चुनाव की तस्वीर भी साफ हो जाएगी। प्रत्याशियों को प्रचार करने के लिए 10 दिन का समय मिलेगा।

# शहर में चढ़ गया चुनावी रंग, झंडे-बैनर से पटे गली-मोहल्ले..ढोल-नंगाड़े भी बज रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





शहर में चुनावी प्रचार-प्रसार की धूम मची हुई है। वार्ड-वार्ड में चुनई त्यौहार का उत्साह दिखाई दे रहा है। झंडे, बैनर, पोस्टर से गली-मोहल्ले पटे हुए हैं। राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशियों के अलावा निर्दलीय भी अपनी जीत के लिए जोर लगा रहे हैं। हालांकि इस चुनाव में प्रचार-प्रसार के लिए ज्यादा वक्त नहीं मिलने के चलते चुनाव का प्रचार डिजिटलाइज दिखाई दे रहा है, लेकिन फ्लेक्स, होर्डिंग्स बड़े पैमाने पर है। झंडे-बैनर भी लगे हैं, लेकिन वॉल पेंटिंग कम है। वहीं चुनावी गाने कुछ ही वार्डों में बज रहे हैं।

वार्डों में महापौर के अलावा पार्षद पद के प्रत्याशी अपना धुंआधार प्रचार-प्रसार कर रहे। हर तरफ चुनावी रैली और शोर सुनाई दे रही है, लेकिन मतदाता अभी खामोश हैं। पार्षद चुनाव पार्टी से ज्यादा व्यक्तिगत होता है। ऐसे में मतदाताओं का मूड भी योग्य प्रत्याशी को टटोलता दिखाई दे रहा है।

वार्ड पार्षद चुनने के लिए हो रहे चुनाव में लोगों का उत्साह भी नजर आ रहा है। वार्ड के लोग सभी प्रत्याशियों की रैली में नजर आ रहे हैं। सुबह भाजपा में, दोपहर को कांग्रेस और शाम को निर्दलीय के साथ वही चेहरे दिखाई दे रहे हैं, जो इस लोकतंत्र की खूबसूरती को प्रदर्शित कर रहा है।

### प्रचार-प्रसार का बदल गया तरीका

चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए 10-12 दिन का वक्त मिलने के चलते वार्ड-वार्ड में व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। जिसमें स्थानीय मतदाताओं को जोड़कर प्रत्याशी अपना डिजिटल प्रचार-प्रसार करने में लगे हुए हैं।

### प्रचार में सभी को समर्थन

स्थानीय वार्ड स्तर का चुनाव होने के चलते लोग एक-दूसरे से परिचित रहते हैं। ऐसे में अलग-अलग पार्टी और निर्दलीय प्रत्याशी के परिचित होने के चलते किसी एक को समर्थन नहीं करते हुए लोग अपने घरों में भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशी के बैनर, पोस्टर एवं झंडे लगा रहे हैं। एक घर में सभी प्रत्याशी के झंडे-बैनर नजर आ रहे हैं।

# धोखाधड़ी कर एटीएम से निकाली राशि, सीसीटीवी से मिला सुराग, बिलासपुर में पकड़ाए चार आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




एटीएम में राशि निकालने गए व्यक्ति से धोखाधड़ी कर ठगी कर लिए जाने के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी शिव दयाल रंघाटी ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 3 फरवरी को सुबह 9 बजे वह सृष्टि कालोनी स्थित एटीएम में पैसा निकालने गया था। एटीएम से पैसा निकालने के लिए दो बार प्रयास किया, किन्तु पैसा नहीं निकला। उसी दौरान उसके पीछे खड़ा व्यक्ति उसका एटीएम का पिन नंबर देख लिया था, उस व्यक्ति द्वारा प्रार्थी को सलाह दिया कि इस एटीएम में पैसा नहीं है, आगे के एटीएम से निकल जाएगा, तब प्रार्थी महामाया चौक स्थित एटीएम में पैसा निकालने के लिए गया तो उसके पहले वह अज्ञात व्यक्ति उस एटीएम में पहले से पहुंच चुका था। प्रार्थी द्वारा पैसा आहरण के लिए अपना एटीएम कार्ड एटीएम में डाला तो उसका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया तथा अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थी को एटीएम मैनेजमेंट का मोबाइल नंबर दिया। जिससे प्रार्थी द्वारा बात करने पर 11 बजे आने की सलाह दिए जाने पर प्रार्थी चला गया। प्रार्थी जब बैंक गया तो उसे पता चला कि उसके खाते का पैसा उस अज्ञात व्यक्ति द्वारा योजनाबद्ध तरीके से एटीएम के माध्यम से 39,000 रुपए की धोखाधड़ी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था।

### सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग

इस मामले में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में आरोपियों की पतासाजी के लिए अलग-अलग टीम तैयार किया गया था। विवेचना के दौरान महामाया चौक स्थित एटीएम के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर प्रार्थी के आगे संदिग्ध स्थिति में चार व्यक्ति आते-जाते दिखाई दिए। फुटेज का लगातार मिलान शहर में लगे कैमरों से करने पर पता चला कि आरोपी महाराष्ट्र नंबर की हुंडई कार में दुर्ग-रायपुर की ओर गए हैं। पुलिस के अनुसार घटना के संबंध में दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर की पुलिस से संपर्क कर घटना से संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया। बसंतपुर पुलिस टीम लगातार आरोपियों का पीछा कर रही थी, जिन्हें बिलासपुर पुलिस की मदद से घेराबंद करके पकड़ा।

### आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई

पुलिस के अनुसार आरोपियों से पूछताछ करने पर मुख्य आरोपी शिवशंकर प्रसाद द्वारा प्रार्थी से अपने साथियों के साथ धोखाधड़ी कर घटना करना स्वीकार किया गया। एटीएम ठगी के मामले में पुलिस ने आरोपी शिवशंकर प्रसाद 26 हजारीबाग झारखंड, विकास कुमार 28 हजारीबाग झारखंड, सचिन शर्मा 21 वर्ष हजारीबाग झारखंड एवं उपेन्द्र सिंह 47 वर्ष बलिया उप्र हाल गुजरात के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपियों से नगदी 49,000 रुपए एवं 6 नग एटीएम एवं फेविक्विक, 6 मोबाइल, घटना में प्रयुक्त हुंडई कार जब्त की गई है।

## सवा दो घंटे डोंगरगढ़ में रहेंगे गृहमंत्री शाह, सीएम साय भी रहेंगे उपस्थित

# चंद्रगिरी में आचार्यश्री की स्मृति में बन रहे स्मारक का करेंगे भूमिपूजन, छोटी बम्लेश्वरी मंदिर भी जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के गृहमंत्री अमित शाह आज एक दिवसीय दौरे पर डोंगरगढ़ आ रहे है। वे करीब सवा घंटे तक धर्मनगरी डोंगरगढ़ में रूकेंगे। इस दौरान वे चंद्रगिरी तीर्थ स्थल में आचार्यश्री की स्मृति में बनने वाले स्मारक का भूमिपूजन करेंगे। जिसके बाद प्रज्ञागिरी में भोजन का कार्यक्रम रखा गया है। इसके पश्चात छोटी बम्लेश्वरी मंदिर में माता के दर्शन कर वापस लौट जाएंगे। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित रहेंगे। उनके अलावा गृहमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे सहित आधा दर्जन वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति भी रहेगी। इधर कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही अफसरों को पूरे कार्यक्रम के दौरान व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी दी जा चुकी है।





**रात 8 बजे तक रहेंगे सीएम :** गृहमंत्री अमित शाह के साथ चंद्रगिरी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे सीएम विष्णुदेव साय रात 8 बजे तक राजनांदगांव जिले में रहेंगे। इस दौरान वे राजनांदगांव नगर निगम के अलग-अलग वार्डों में शाम को तीन जनसभाओं को संबोधित भी करेंगे। डोंगरगढ़ में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में भी सीएम साय शामिल होंगे।



### 1 बजे पहुंचेंगे डोंगरगढ़

**प्रतिभास्थली में भोजन करेंगे** : गृहमंत्री अमित शाह के दौरा कार्यक्रम के अनुसार वे दोपहर 1.05 बजे हेलीकॉप्टर के जरिये प्रज्ञागिरी पहुंचेंगे। यहां करीब 70 मिनट तक रूकने के बाद वे भोजन के लिए प्रतिभास्थली जाएंगे। इसके बाद दोपहर 2.50 को वे छोटी बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिए जाएंगे। वे अपने सवा दो घंटे के कार्यक्रम बाद दोपहर सवा तीन बजे हेलीकॉप्टर के माध्यम से वापस लौट जाएंगे।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➡ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# नेताओं का दौरा शुरू, बढ़ी चुनावी सरगर्मी

## छुरिया और छुईखदान में सरकार पर हमला बोला पूर्व सीएम बघेल ने, बताया अपनी उपलब्धियां





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को यहां कांग्रेस की जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि बीते एक साल में भाजपा सरकार ने एक रूपए का भी विकास काम नहीं किया है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी मेहनत की कीमत दिलाने के लिए धान का दाम कांग्रेस ने बढ़ाया था जबकि वर्तमान में किसानों को धान बेचने के लिए टोकन, बारदाना संकट आदि से जूझना पड़ा। उन्होंने बताया कि इन दिनों किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल रही है।

बाजार से किसानों को 300 रूपए वाली यूरिया को 400 में लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनहित की अनेक योजनाएं शुरू किया था जिसे भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। योजनाओं के बंद होने का सीधा असर आम लोगों पर पड़ा है। सभा को विधायक भोलाराम साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान पूर्व विधायक प्रकाश यादव, छन्नी साहू, नवाज खान, रामछतरी चंद्रवंशी, सतीश पटेल, राहुल तिवारी, यशवंत तिवारी, सीमा यादव, विपिन यादव, राजकुमारी सिन्हा, पूरन नेताम, राजकुमार सिंह, जावेद मेमन, राजू सिन्हा, सुरेश पटौदी, लादूराम टुमरेकी आदि उपस्थित थे।

### उपलब्धि शून्य है भाजपा सरकार का कार्यकाल

**छुईखदान।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां निकाय चुनाव का आगाज करते हुए जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा सरकार के कार्यकाल को उपलब्धि विहीन बताते हुए कहा कि हमाने पांच साल के कार्यकाल में सबको जमीन का पट्टा दिया साथ ही बिजली बिल हाफ किया था। अब बिल के नाम पर लोगों को दोगुना राशि देना पड़ रहा है। वहीं जनता से किए वादे को पूरा करते हुए कांग्रेस ने चौबीस घंटे में जिला बनाया था। उन्होंने कहा कि भय के कारण भाजपा निकाय चुनाव को लगातार टाल रही थी। उन्होंने कहा कि मुश्किल की घड़ी में कांग्रेस परिवार जनता के साथ है। श्री बघेल ने कहा कि छुईखदान रियासत की रानी नम्रता नगर को सर्व सुविधायुक्त बनाने कटिबद्ध है। उन्हों ने कहा कि जनता के लिए हम सदन से सड़क तक लडाई लड़ने तैयार हैं। इस मौके पर नम्रता गिरिराज किशोर ने भी संबोधित किया। विधायक नीलांबर यशोदा वर्मा ने कहा कि शहर का जो विकास हुआ है वह कका की देन है जबकि बरते 13 माह में कोई कार्य नहीं हुआ । इस मौके पर गजेन्द्र ठाकरे, गिरिराज किशोर दास, मोतीलाल जंघेल, गिरवर जंघेल, सज्जाक खान, संजीव दुबे, आलोक चन्द्राकर, नवाज खान, रामकुमार पटेल, हेमंत वैष्णव, मनोज चौबे, गुलशन तिवारी आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने शहर के विकास को किया बाधित : चंदेल

- भाजपा नेताओं ने बताया योजनाओं को

**छुरिया।** पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने पुराने बस स्टैंड में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव शहर के विकास के लिए है। जिसकी सरकार है वही विकास कर सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत से ही शहर का विकास संभव है। उन्होंने भाजपा और विष्णु देव सरकार की योजनाओं को बताया। इस मौके पर चुनाव प्रभारी दिनेश गांधी ने कहा कि मोदी जी का सपना है कि हर गरीब का पक्का मकान बने। अब बिना पट्टाधारी व्यक्ति को भी आवास योजना का लाभ मिलेगा। उनका बिजली बिल और नगर पंचायत में समेकित कर जमा होना चाहिए। जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डडसेना, एमडी ठाकुर ने बताया कि डॉ रमन सिंह सरकार के कार्यकाल में 101 दुकान निर्माण की स्वीकृति मिली थी। भूपेश सरकार की गलत नीति के चलते 3 साल से दुकानों में ताला लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत के 6 महीने के भीतर सभी पात्र हितग्राहियों को दुकान आबंटित कर दिया जाएगा। इस मौके पर अजय पटेल, सतवंत सिंह भाटिया ने भी संबोधित किया। सभा में मंडल अध्यक्ष कांता साहू, संजय सिन्हा, राधे शर्मा, सुरेंद्रसिंह भाटिया, आत्माराम चंद्रवंशी, जगजीतसिंह भाटिया, सीमा सिन्हा, शेखर भारद्वाज,अशोक मालेकर, भारती रजक, आमिर खान, टीकम साहू, सोनू कसेर, आबदा बेगम कुरैशी, संगीता यादव, शानू यदु, रवि यदु, सुनील मालेकर, कामेश्वर यादव, छोटू देवांगन, बिंदु साहू, रुखसाना बानो, श्रीराम साहू, मनीषा यदु, टामेश्वर कुंभकार, दुर्गा कुंभकार, स्वप्निल पटेल, ओम प्रकाश साहू, गौरी सिन्हा, दानेश्वरी मंडावी और भूषण नेताम सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रचार में आगे निकली पिंकी



**डोंगरगांव।** नगर पंचायत अध्यक्ष पद की निर्दलीय प्रत्याशी पिंकी लोढ़ा ने प्रचार प्रसार में सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवार को पीछे छोड़ दिया है। नामाकंन दाखिले के बाद से नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष ललित लोढा की पत्नी पिंकी लोढा डोर टू डोर जाकर मतदाताओं से रूबरू हो रही है। वहीं उनके समर्थक भी टोली बनाकर प्रचार प्रसार में जी जान से जुटे हैं। शहर के चप्पे चप्पे में श्रीमती लोढा के पोस्टर नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने गत दिनों वार्ड 13 में जाकर मतदाताओं से रूबरू मुलाक़ात कर शहर विकास के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक सोच के अलग जनता की अपेक्षा को पूरा करने लिए वह चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी के समर्थन से अध्यक्ष बनती हैं तो उनका पूरा प्रयास होगा कि शहर के नागरिक ही विकास की रुपरेखा तैयार करें जिसे पूरा करने की जिम्मेदारी उनकी होगी। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा सहित बड़ी संख्या में वार्ड के महिला, पुरुष और युवा मौजूद थे।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## राजनांदगांव और डोंगरगढ़ जनपद क्षेत्र के लिए भाजपा ने अधिकृत किए प्रत्याशी

**राजनांदगांव।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जनपद सदस्यों के चुनाव के लिए जिला भाजपा ने बुधवार को राजनांदगांव और डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के लिए अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा की है। भाजपा द्वारा जारी सूची के अनुसार क्षेत्र क्रमांक एक मासूल श्रीमती लछनीबाई कोसरे, वार्ड क्रमांक दो भैंसातरा संतराम नागपुरे, क्षेत्र क्रमांक तीन पटेवा श्रीमती नीतू साहू, चार घुमका अश्वनी साहू, पांच अउरदा प्रतीक्षा भंडारी, क्षेत्र क्रमांक छह सलोनी राजकुमार संघारे, क्षेत्र क्रमांक सात बरबसपुर श्रीमती मंजू चंदेल, क्षेत्र क्रमांक आठ डुमरडीहकला श्रीमती ललिता मोहन साहू, नौ रेंगाकठेरा श्रीमती अनिता सिन्हा, क्षेत्र क्रमांक दस भाठागांव राजेश श्यामकर, क्षेत्र क्रमांक 11 परसबोड़ गेमन साहू, क्षेत्र क्रमांक 12 मनगटा पवन निर्मलकर को अधिकृत किया है।

वहीं डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के तहत कोठीटोला श्रीमती गिरजावती कंवर, चारभाठा अशोक नेताम, बागरेकसा थनवार मंडावी, मड़ियान श्रीमती रेश्मा कंवर, सेंदरी सुरेश वर्मा, रामाटोला भागीरथी देवांगन, मोतीपुर कुसुमबाई वर्मा, मेढ़ा नीना अग्रवाल, कोलियापुरी बिटानबाई साहू, बोरतलाव मनोज नेताम, बरनाराकला रमेश पटौदी, राका तामेश्वर साहू, पिपरिया फलेश्वर कदम, मुड़पार श्रीमती दामेश्वरी साहू, मुसराकला सीमा साहू, सेम्हरा सीट से पारस वर्मा को अधिकृत किया गया है।










श्री दिगम्बर जैन चन्द्रगिरि तीर्थ क्षेत्र, डोंगरगढ़
श्री दिगम्बर जैन चन्द्रगिरि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, डोंगरगढ़
आप सभी का हार्दिक स्वागत
अभिनन्दन करता है
संरक्षक
श्रीमान अशोक जी पाटनी
किशनगढ़
संरक्षक
श्रीमंत विनोद जी जैन
बिलासपुर
संरक्षक
श्रीमान सुरेश कुमार जी जैन
दुर्ग
संरक्षक
श्रीमान राजकुमार जी जैन
जगदलपुर
अध्यक्ष
सेठ सिं. श्री किशोर जी जैन
डोंगरगढ़
महामंत्री
श्रीमान निर्मल जी जैन
डोंगरगगढ़
कोषाध्यक्ष
श्रीमान सुकुमार जी जैन
बिलासपुर
कोषाध्यक्ष
श्रीमान सुभाष चंद जी जैन
डोंगरगढ़
मंत्री
श्रीमान चन्द्रकांत जी जैन
राजनांदगांव
उपाध्यक्ष
श्रीमान सुधीर जी जैन
छुईखदान
उपाध्यक्ष
श्रीमान राजकुमार जी जैन
भिलाई
विशेष आमंत्रित सदस्य
श्रीमान राजेन्द्र कुमार जी जैन
विधायक, गोंदिया
विनोद जी जैन बड़जात्या
संरक्षक, अध्यक्ष समाधि स्थल निर्माण समिति
चन्द्रगिरि तीर्थ क्षेत्र
श्री विनोद जी जैन
बिलासपुर
संरक्षक, चन्द्रगिरि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट
श्री किशोर जी जैन
श्री राजकुमार जी जैन
श्री निर्मल जी जैन
श्री सुभाष जी जैन
श्री दिगम्बर जैन चन्द्रगिरि तीर्थ
क्षेत्र एवं समस्त ट्रस्टीगण
धर्म नगरी डोंगरगढ़ की पावन धरा में आप सभी
अतिथियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन...
के.के. सिंह
रमेश जैन
समाजसेवी
राजनांदगांव
अमित जैन
डोंगरगढ़

## सार समाचार

### मधुसूदन आज साय की सभा के साथ जनसंपर्क भी करेंगे

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के महापौर पद के उम्मीदवार मधुसूदन यादव कल 6 फरवरी को दोपहर दो वार्डों में जनसंपर्क करेंगे एवं शाम प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की आयोजित तीनों सभाओं में उपस्थित रहेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री यादव कल 6 फरवरी को दोपहर वार्ड नं. 22 स्टेडियम वार्ड, अनुपम नगर एवं वार्ड नं. 24 शीतला माता वार्ड जमातपारा में पहुंचकर मतदाताओं से कमल फूल निशान के लिए समर्थन मांगेंगे। तत्पश्चात पार्टी द्वारा आयोजित प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभा में शाम 6 बजे गौरीनगर मैदान, शाम 7 बजे लखोली दुर्गा चौक एवं रात्रि 8 बजे जालीखाता मैदान तुलसीपुर में आयोजित सभा में उपस्थित रहेंगे।

### जैनम का धुंआधार प्रचार

**राजनांदगांव।** शहर के महावीर वार्ड क्रमांक 37 के भाजपा पार्षद प्रत्याशी जैनम बैद का धुंआधार जनसंपर्क अभियान जारी है। इस दौरान वे लगातार



मतदाताओं से संपर्क कर आशीर्वाद मांग रहे हैं। भाजपा पार्षद प्रत्याशी जैनम बैद का वार्ड क्रमांक 37 में सुबह से लेकर देर शाम तक लगातार जनसंपर्क अभियान जारी है। बाजे-गाजे के साथ वे और उनके समर्थक डोर-टू-डोर मतदाताओं से संपर्क करने जुटे हुए हैं। इस दौरान वे वार्ड के विकास का भी वादा कर रहे हैं। क्षेत्र के सदर बाजार, आजाद चौक , गंज लाइन इलाकों में उनका लोगों से मुलाकात करने का क्रम सतत रूप से जारी है। झंडा-बैनर, पाम्प्लेट के साथ उनके समर्थक भी घर-घर दस्तक देकर प्रचार-प्रसार करने के लिए जुटे हुए हैं।

### शैंकी बग्गा का वार्ड में सघन जनसंपर्क

**राजनांदगांव।** निगम चुनाव के तहत वार्ड 24 शीतला माता वार्ड से भाजपा से पार्षद प्रत्याशी शैंकी बग्गा का वार्ड में लगातार जनसंपर्क



अभियान जारी है। मतदाताओं से वे लगातार मिलकर आशीर्वाद मांग रहे हैं। शहर के वार्ड क्रमांक 24 शीतला माता वार्ड से भाजपा प्रत्याशी श्री बग्गा वार्ड में सुबह से लेकर देर शाम तक मतदाताओं से मिलकर आशीर्वाद लेने जुटे हुए हैं। भाजपा कार्यकर्ता और उनके समर्थक भी इस दौरान उनके साथ-साथ चलकर पाम्प्लेट का वितरण कर रहे हैं। प्रचार के दौरान वे वार्ड में विकास कार्य की बात भी रख रहे हैं। बाजे-गाजे के साथ-साथ रैली इत्यादी का भी आयोजन किया गया है। वार्ड क्षेत्र में लगातार व्यक्तिगत रूप से मिलकर श्री बग्गा मतदाताओं से आशीर्वाद देने की अपील कर रहे हैं।

### शहर विकास के मुद्दों को लेकर ठाकुर चुनाव मैदान में

**राजनांदगांव।** शहर के राकेश कुमार ठाकुर जिन्हें दीया वाले बाबा के रूप में भी पहचाना जाता है। नगर निगम महापौर के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के



रूप में बांसुरी छाप में चुनाव मैदान में है। इस दौरान वे शहर में विकास के विभिन्न मुद्दों को मतदाताओं को बताकर आशीर्वाद मांग रहे हैं। नगर निगम में महापौर चुनाव के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में राकेश कुमार ठाकुर चुनाव मैदान में हैं। उनका चुनाव चिन्ह बांसुरी है। श्री ठाकुर ने बताया कि वे निगम क्षेत्र में माताओं-बहनों एवं निःशक्तजनों के लिए सिटी बस की तर्ज पर निःशुल्क आटो आवागमन की व्यवस्था हर वार्ड में करेंगे। सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, सार्वजनिक शौचालय, सफाई व्यवस्था, धूलमुक्त शहर, महानगर पालिका की तर्ज पर बाजार क्षेत्र में मल्टी प्लेक्स पार्किंग सुविधा, वार्डों को टैंकर मुक्त कर हर घर में नल के माध्यम से शुद्ध जल प्रदाय करने, समस्याओं के निवारण हेतु वार्ड में ही समाधान, दिव्यांग, वृद्धजनों के लिए वेलफेयर के लिए योजना बनाकर कार्य करने, निगम क्षेत्र में सड़कों, गलियों में घुमंतू आवारा मवेशियों के लिए व्यवस्थित स्थान पर रखने इंतजाम किए जाने सहित जनहित के अन्य मुद्दों को लेकर मतदाताओं के पास पहुंचकर जनसंपर्क कर रहे हैं।

### जंगल में बाघ, वन विभाग ने दी चेतावनी

**खैरागढ़।** वन मंडल क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी की भनक के साथ ही वन विभाग ने इलाके में सतर्कता बढ़ा दी है। सुरक्षा को ध्यान में रखते लोगों को अनावश्यक जंगल में घूमने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। गौरतलब है कि वनमंडल अंतर्गत आने वाले खैरागढ़ और डोंगरगढ़ के जंगलों में बीते कई दिनों से बाघ की आहट मिल रही थी और कई जगहों पर उसके पद चिन्ह देखे गए, लेकिन प्रत्यक्ष रूप से किसी को दिखाई नहीं दिया था। दो दिन पहले 3 फरवरी को जंगल के अंदरूनी हिस्से में बाघ देखने की मजदूरों द्वारा पुष्टि करने पर विभाग ने पूरे इलाके को हाई अलर्ट पर रखा दिया है। बाघ की हर गतिविधि पर ड्रोन कैमरों और गश्त टीमों के जरिये लगातार नजर रखी जा रही है। डीएफओ आलोक तिवारी ने ग्रामीणों के लिए जरूरी हिदायत जारी करते कहा कि रात के समय किसी भी परिस्थिति मे बाहर न निकलें। अकेले सूनसान इलाकों में जाने से बचे और अगर बाघ दिखे या उसकी मौजूदगी के संकेत मिले तो तुरंत वन विभाग को सूचना दें। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों से बचने और आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करने कहा है। वहीं वन विभाग ने भी इस मामले को लेकर स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर कोई व्यक्ति अनावश्यक रूप से जंगल में घूमते पाया गया तो उसे तुरंत हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नगरीय निकाय के लिए रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया पूरी

**खैरागढ़।** नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन को लेकर नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस मनिवासगन एस और कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत वर्मा की उपस्थिति में जिला कार्यालय सभाकक्ष में ईवीएम का रेंडमाइजेशन हुआ। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियो, अभ्यर्थियो, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, नगर पंचायत गंडई रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, नगर पंचायत छुईखदान रिटर्निंग अधिकारी व तहसीलदार आशीष देवहारी सहित अन्य अधिकारियो की मौजूदगी मे रेंडमाइजेशन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया में ईवीएम मशीनों का नगरीय निकायवार और मतदान केंद्रवार आबंटन किया गया। जिसमें नगर पंचायत छुईखदान और नगर पंचायत गंडई के लिए रिजर्व सहित क्रमशः 33-33 बैलेट यूनिट और 32-32 कंट्रोल यूनिट रिजर्व सहित चयनित किया गया।

चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देने के बाद ईवीएम का रेंडमाइजेशन करके मशीनो के क्रमांक वाली छायाप्रति उपलब्ध कराई गई।

### न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग(छ.ग.)

**//सूचना//**

**मामले का विषय-पुनरीक्षण प्रकरण**
**मामला का क्रमांक-80/अ-12/वर्ष 2024-25**
**पक्षकार-श्रीमती शकुन्तला शर्मा विरूद्ध आम जनता**

आम जनता
जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि पुनरीक्षणकर्ता श्रीमती शकुन्तला शर्मा पति स्व. रामकुमार शर्मा निवासी वार्ड क्र. 6 ब्राम्हण पारा छुईखदान तह. छुईखदान जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय कलेक्टर जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202403290800014/2902/Rxm/अ-12 वर्ष 2023-24 में पारित आदेश दिनांक 05.09.2024 के विरूद्ध छ०ग०भू०रा०सं० 1959 की धारा-50 के तहत पुनरीक्षण प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 27.03.2025 दिन-गुरुवार को दोपहर 11.30 बजे स्थान न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग में होगी।

अतः सुनवाई तिथि में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

जारी दिनांक 23.01.2025

मुहर

आयुक्त
दुर्ग संभाग, दुर्ग

## भाजपा के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन ने वार्डों में किया सघन जनसंपर्क

# हम जो कहते हैं वो करते हैं, जो कह रहे हैं उसे पूरा कर दिखाएंगे : मधुसूदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भाजपा के महापौर उम्मीदवार मधुसूदन यादव का धुंआधार जनसंपर्क अनवरत रूप से जारी है। वे अपने दौरे में कल अनेक स्थानों पर नागरिकों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि भाजपा का लंबा राजनैतिक इतिहास रहा है कि हम जो कहते हैं, उसे पूरा करके दिखाते हैं। मसला चाहे धारा 370 को हटाने का हो, लोगों ने तो धारा 370 हटाने की हमारी घोषणा को दिवास्वप्न कहा करते थे, केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार आते ही हमारी पार्टी ने इसे कर दिखाया। आज जम्मू-कश्मीर देशवासियों के साथ एक रस हो रहा है, वहां कांग्रेस पोषित दशकों पुराना आतंकवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। इसी तरह अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण को टेढ़ी खीर बनाकर यह कहा जाता रहा कि यदि राम मंदिर का निर्माण हुआ तो देशभर में खूनी संघर्ष प्रारंभ हो जाएगा, किन्तु सारे देशवासी गवाह है कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य व दिव्य मंदिर निर्माण भी हुआ। करोड़ों देशवासी दर्शन का लाभ ले रहे हैं और देश में शांति व भाईचारा कायम है। एक झटके में तीन तलाक की कुप्रथा को खत्म कर दिया गया। अब देशवासियों के लिए समान नागरिक कानून बनाने की प्रक्रिया चल रही है, शीघ्र ही यह सौगात भी देश के लोगों को मिल जाएगी।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री यादव ने आगे कहा कि "राष्ट्र को परम वैभव के शिखर पर पहुंचाने की कल्पना" को लेकर हमारी पार्टी काम करती है। हम व्यक्तिनिष्ठ नहीं, बल्कि राष्ट्रनिष्ठ लोग है। हम जो कहते हैं उसे पूरा करके दिखाना हमारी परंपरा है, इतिहास साक्षी है।

श्री यादव ने वार्ड नं. 31 जनता कॉलोनी लखोली, वार्ड नं. 32 संजय नगर लखोली, वार्ड नं. 33 बैगापारा लखोली, वार्ड नं. 35 लखोली वार्ड व वार्ड नं. 36 सेठी नगर में घर-घर जाकर आम नागरिकों से आशीर्वाद मांगा। इस दौरान पार्षद प्रत्याशी रीना सिन्हा, गिरजा संतोष निर्मलकर, संतोष साहू, डिलेश्वर प्रसाद साहू व चन्द्रिका साहू के साथ ही विजय सिन्हा, प्रकाश सिन्हा, सूर्यकांत गुप्ता, सुरेश साहू, राकेश विश्वकर्मा, थानेश्वर साहू, जनकलाल साहू, सतीश साहू सहित अन्य कार्यकर्ता एवं

### सीएम साय की आज शहर में 3 जनसभाएं

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की कल 6 फरवरी को



पहली सभा गौरीनगर मैदान में शाम 6 बजे आयोजित की गई है। जिसके प्रभारी महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव के चुनाव अभिकर्ता रमेश पटेल हैं। इस सभा में वार्ड नं. 11, 12, 13, 14 व 5 के कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहेंगे। इसी तरह शाम 7 बजे लखोली के दुर्गा चौक में दूसरी सभा होगी। जिसके प्रभारी जिला भाजपा महामंत्री राजेन्द्र गोलछा है। इस सभा में वार्ड नं. 31, 32, 33, 34, 35 व 36 के कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहेंगे। श्री साय की तीसरी सभा रात्रि 8 बजे जाली खाता मैदान तुलसीपुर में आयोजित है। इस सभा में वार्ड नं. 15, 16 व 17 के कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहेंगे। इस सभा की जवाबदेही जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल के कंधों पर



### कांग्रेस ने जारी किया चुनावी जन घोषणा पत्र

**राजनांदगांव।** नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस कमेटी द्वारा 34 बिंदुओं का जन घोषणा पत्र जारी किया गया है। प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम की मौजूदगी में प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से कांग्रेसजनों ने जन घोषणा पत्र जारी किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी जन घोषणा पत्र के माध्यम से कांग्रेस ने नगरीय निकाय क्षेत्रों में तालाबों का संरक्षण, सौंदर्यीकरण, महिला प्रसाधन की व्यवस्था, महिला सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे, निगम के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की दिशा में प्रयास करने, प्रत्येक वार्ड में सब्जी बाजार निर्माण सहित 34 बिंदुओं पर विभिन्न वादे किए हैं। जन घोषणा पत्र को लेकर पूर्व मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि जन घोषणा पत्र में हमने महिलाओं की सुरक्षा पर फोकस करते नगरीय क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। कांग्रेस के जन घोषणा पत्र जारी करने के दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, गिरीश देवांगन, शाहिद खान, श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश खंडेलवाल, हेमा देशमुख, सूर्यकांत जैन, डॉ. आफताब आलम, अमित चंद्रवंशी सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए बनाएंगे नया कानून : अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भाजपा ने छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र अटल विश्वास पत्र जारी कर दिया। पूर्व सांसद एवं नगर निगम चुनाव संयोजक अभिषेक सिंह ने बुधवार को भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता लेकर घोषणा पत्र पर चर्चा करते कहा कि यह घोषणा पत्र अटल की 100वीं जयंती और अटल निर्माण वर्ष के अवसर पर उनके योगदान और राष्ट्र निर्माण के दृष्टिकोण को सम्मानित करते समर्पित किया गया है।

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि नगरीय विकास के क्षेत्र में हमारा घोषणा-पत्र हर नागरिक की मूलभूत आवश्यकताओं और बेहतर जीवन की दिशा में कदम बढ़ाने का संकल्प लेता है। हम नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए नया कानून बनाएंगे और सभी पट्टा धारकों को भू-स्वामी बनाएंगे। रूकी हुई पीएम आवास-शहरी परियोजनाओं को तेज़ी से पूरा करेंगे और वर्तमान में स्वीकृत 3 लाख पीएमएवाई-यू घरों का निर्माण सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा जो लोग बिजली बिल और समेकित कर चुकाते हैं, उन्हें आवास बनाने की पात्रता दी जाएगी। सिकल सेल एनीमिया मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने निकाय क्षेत्रों में स्क्रीनिंग केंद्र स्थापित करेंगे और मरीजों को सिकल सेल एनीमिया पहचान पत्र जारी करेंगे।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका एवं पंचायत की सेवाओं को डिजिटल और सरल बनाने माई सिटी ऐप लॉंच किया जाएगा। जिसमें सभी ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध होगी। हर जोन में एकीकृत सेवा केंद्र स्थापित, निदान हेल्पलाइन के माध्यम से जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान, संपत्ति कर समय पर चुकाने वाले नागरिकों को 10 प्रतिशत की विशेष छूट और महिलाओं के नाम पर पंजीकृत संपत्तियों पर 25 प्रतिशत विशेष छूट दी जाएगी। शुद्ध पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित करने नल से जल योजना को सुदृढ़ करेंगे, नए जल टैंक बनाएंगे और पुराने कुओं का संरक्षण और पुनरुद्धार करेंगे।

### इलिजियम में वार्षिकोत्सव आज

**खैरागढ़।** विधायक यशोदा वर्मा के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार 6 फरवरी को दाऊचौरा स्थित इलिजियम स्कूल का वार्षिकोत्सव होगा। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप मे विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन मौजूद रहेंगे वही जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौर, नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन और निजी स्कूल संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंदेल बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे।

संस्था संचालक डा. अरूण भारद्वाज ने बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए उपस्थिति की अपील की है।

## कांग्रेस मजबूती से लड़ रही चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ कांग्रेस अध्यक्ष बैज ने किया चुनावी सभा को संबोधित



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने लखोली क्षेत्र में 7 वार्ड की एक चुनावी सभा को संबोधित करते कहा कि नगर निगम चुनाव में कांग्रेस पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ रही है। वहीं उन्होंने प्रदेश की सरकार को घेरते कहा कि नगर का विकास ठप है, मोदी की गारंटी पूरी नहीं हुई है।

लोकसभा और विधानसभा में नगर नगर निगम से मिली कांग्रेस की हार को लेकर उन्होंने कहा कि यह सच है कि लोकसभा और विधानसभा में कांग्रेस शहर में माइनस रही है, लेकिन यह चुनाव स्थानीय चुनाव है। सब एक होकर काम कर रहे हैं। इस अंतर के गड्ढे को हम पाटेंगे।

#### तालमेल की कमी होगी ठीक

कांग्रेस में गुटबाजी को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सब अपने-अपने स्तर पर काम कर रहे हैं। कहीं तालमेल की कमी होगी, तो उसे ठीक कर लेंगे।

### वर्षा शरद सिन्हा का चुनाव कार्यालय उद्घाटित



**राजनांदगांव।** शहर के वार्ड क्रमांक 25 सूर्यमुखी वार्ड से भाजपा पार्षद प्रत्याशी श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा का चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। नगर निगम चुनाव के तहत शहर के सूर्यमुखी वार्ड क्रमांक 25 से भाजपा पार्षद प्रत्याशी श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा का चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस मौके पर उनके समर्थकों के साथ ही वार्ड के लोगों की उपस्थिति रही। श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा का अपने वार्ड में लगातार जनसंपर्क अभियान जारी है। वे लगातार मतदाताओं से संपर्क कर आशीर्वाद मांग रही है। बाजे-गाजे और समर्थकों के साथ क्षेत्र में सतत रूप से जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिया गया है।

## प्रज्ञागिरि में बौद्ध सम्मेलन आज, विदेशी मेहमान करेंगे शिरकत



**डोंगरगढ़।** प्रज्ञागिरि ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में 32 वां अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन कल 6 फरवरी को आयोजित किया गया है। समिति के अध्यक्ष विनोद खांडेकर ने बताया कि बौद्ध विहार से प्रातः 10 बजे बुद्ध वंदना पश्चात तथागत गौतम बुद्ध की बाल्यावस्था की मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। प्रातः 11 बजें नगर भ्रमण करते हुए प्रज्ञागिरि तक बाईक रैली निकाली जाएगी। इसके पश्चात प्रज्ञागिरि परिसर में बुद्ध वंदना, परित्राण पाठ के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं धम्म सेना नायक आर्य नागार्जुन सुरेई ससाई सहित अन्य धम्मगुरूओं की धम्मदेशना होगी। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडेय, विधायक हर्षिता बघेल, रामजी भारती, लाभटंज बाफना, कोमल राजपूत, महादेव कांवरे, दिलीप वासनिकर, केएन कांडे, सुनील रामटेके, अनिल मेश्राम मौजूद रहेंगे। इस सम्मेलन में जापान के भदंत रयुफू फुजिसे, भदंत रयुसेई हटानो, रयुशी ताकागी, भदंत रयुकाई साकी, भदंत शिलानंद, भदंत नागसेन, भदंत डॉ. संघ घोष, भदंत आनंद, मासातोमो नागासाकी, भदंत धम्मप्रकाश, भदंत भीमा बोधी, मिका नागासाकी, मुत्सुको टोयामा, चिनत्सु करिगाने, मासायोशी टोकुरा, यशुहारु सासाकी, नाओमी सासाकी, कीज़ो मेकावा, भदंत कुमार कश्यप, भदंत नागानंद, भदंत महानमा, भदंत प्रज्ञाशील, भदंत प्रज्ञा बोधि, भदंत नागरत्न, भदंत आनंद बोधि सहित अन्य शिरकत करेंगे। आयोजन समिति ने उपासक-उपासिकाओं सहित क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### // आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मो. इमरान मेमन पिता इकबाल मेमन द्वारा ग्राम पिपरिया प.ह.न. 00032 रा.नि.मं. खैरागढ़, तह. खैरागढ़ जिला - के.सी.जी. (छ.ग.) में स्थित असिंचित भूमि विक्रेता आबिद मेमन पिता याहया मेमन निवासी गोलबाजार मस्जिद चौक खैरागढ़ (छ.ग.) की खसरा नं. 1718/5, 1750/1, 1751, 1752, 1753, 1754/1 को क्रय करने का तैय शुदा रकम में पक्का सौदा कर लिया है। मात्र विक्रय विलेख का पंजीयन एवं निष्पादन दिनांक 20/02/2025 को किया जाना शेष है।

अतः उक्त सौदे / संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति वित्तीय संस्था, शासकीय अर्ध शासकीय निकाय, बैंक इत्यादि को किसी भी प्रकार की उज़्र या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय सुसंगत दस्तावेज मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर, पावती प्राप्त करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत की गई आपत्ति/ दावा प्रभावहीन एवं शुन्य होगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात मेरे पक्षकार स्वतंत्र होगा कि वह अपने पक्ष में उपरोक्त वर्णित संपत्ति का पंजीयन करा लेवें। तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी आपत्ति दावा अथवा झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा।

जो सूचना सर्व विदित हो।

स्थान - खैरागढ़
दिनांक - 05/02/2025

श्री योगेश चंदेल (अधिवक्ता)
निवासी दाऊचौरा खैरागढ़
तह. खैरागढ़ जिला-के.सी.जी.
मो.- 9993700104






## खबर संक्षेप

### बसंत पंचमी में एक्सपर्ट कॉमर्स क्लासेस कवर्धा में ज्ञान,ऊर्जा का संगम

**हरिभूमि कवर्धा।** एक्सपर्ट कॉमर्स क्लासेस कवर्धा ने बसंत पंचमी के पावन अवसर को भव्य धूमधाम और उमंग के साथ मनाया। इस शानदार आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शीतल साहू, व्याख्याता शासकीय कन्या महाविद्यालय कवर्धा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अपने प्रेरणादायक संबोधन में श्री साहू ने कहा कि बसंत पंचमी केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि यह ज्ञान, विद्या और सृजनात्मकता का प्रतीक पर्व है। उन्होंने मां सरस्वती की पूजा और वेदों, उपनिषदों में उनके महत्व को उजागर करते हुए बताया कि यह दिन विद्यार्थियों को नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी का पर्व जीवन में ज्ञान के प्रति समर्पण और सकारात्मकता को बढ़ावा देने का समय है। कार्यक्रम के संचालक नरेंद्र कुमार चंद्राकर ने इस दिन को विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। उन्होंने छात्रों को सफलता की दिशा में निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके अनुसार बसंत पंचमी का पर्व हमें अपने जीवन में नए लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है।

### त्रिस्तरीय नगरी चुनाव दंगल में कुदे आला नेता, किया जा रहा डोर-टू-डोर जन संपर्क

# भाजपा से भावना बोहरा तो कांग्रेस से भूपेश बघेल ने प्रत्याशियों के लिए मांगा वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया/पाण्डातराई

11 फरवरी को प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव होने वाले हैं सभी प्रत्याशी और पार्टी अपने-अपने क्षेत्रों में चुनाव प्रचार-प्रसार कर जनता से मतदान करने की अपील किया। पंडरिया विधायक श्रीमती बोहरा द्वारा भी लगातार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायतों एवं नगर पालिका क्षेत्रों में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनता से मतदान करने की अपील किया। नगर पंचायत पाण्डातराई में भाजपा एवं कांग्रेस दोनों पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक रही है। वहीं भाजपा से पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने रोड शो-कर कार्यकर्ताओं सम्मेलन लिया भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सरिता राम कुमार सोनी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील किया। कार्यकर्ताओं एवं पार्टी को संबोधित करते हुए श्रीमती बोहरा ने कहा कि जीत के लिए हमारे कार्यकर्ता अत्यधिक उत्साहित है, भाजपा के सुशासन और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही विकास कार्य संभव हो रहा है, आपकी कर्मशीलता एवं सरकार की योजनाओं का लाभ जन जन को मिल सके इसके लिए आपका परिश्रम ही भाजपा की ताकत है, विधानसभा के लोकसभा चुनाव में आप सभी कार्यकर्ताओं की परिश्रम से ही हमने ऐतिहासिक जीत हासिल की अब एक बार पूरे नगर पंचायत चुनाव में सरिता रामकुमार सोनी सहित पूरे पार्षद प्रत्याशियों को विजयी बनाकर नगर का विकास कराएं सभी कार्यकर्ताओं से अपील कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के ऐतिहासिक उपलब्धियां नीतियों और जनहित योजनाओं को हर एक व्यक्ति तक पहुंचाए।





### धीरज सिंह ने थामा कांग्रेस का हाथ, पार्टी को मिलेगी मजबूती

पंडरिया नगर में आयोजित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की चुनावी सभा में धीरज सिंह ठाकुर ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया। उन्होने श्री बघेल के समक्ष विधिवत कांग्रेस की सदस्यता ले ली। श्री बघेल ने मंच पर श्री सिंह को कांग्रेस का गमछा पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल किया।

### पूर्व सीएम श्री बघेल ने पंडरिया व पाण्डातराई में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में ली विशाल चुनावी जनसभा

**पाण्डातराई/पंडरिया।** नगर पंचायत पाण्डातराई में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती सविता दाऊराम पाटस्कर के पक्ष में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रोड शो-कर कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती सविता दाऊराम पाटस्कर सहित कांग्रेस के समस्त पार्षद प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी दिलाने के लिए कहा, जो कि भाजपा ने 15 वर्ष के अपने कार्यकाल में विकास कार्य नहीं किया वह सभी विकास कार्य 5 वर्ष की कांग्रेस शासन काल में हुआ है। जिसमें किसान, व्यापारी, आम जनता सभी परेशान हैं, कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष होरी साहू, पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर, पूर्व विधायक प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी, सीमा अगम सहित समस्त पार्षद प्रत्याशी एवं कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थें। वहीं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को पंडरिया में नगरीय निकाय के कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान मंच पर नगर पालिका पंडरिया से अध्यक्ष पद की कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती राजिन सुजीत गायकवाड़ सहित सभी 18 वार्डो के पार्षद प्रत्याशी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल, कांग्रेस के युवा नेता आनंद सिंह,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी तथा सैकड़ों की संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर भूपेश बघेल ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने पांच सालों में गांव, गरीब और किसानो के लिए कार्य किया है। पंडरिया नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा कांग्रेस की सरकार ने दिया है जिसकी मांग वर्षो से उठाई जा रही थी। उन्होने कहा कि पंडरिया नगर में कांग्रेस सरकार द्वारा कई विकास एवं निर्माण कार्यो को मूर्त रूप दिया है।

# स्कूली विद्यार्थियों ने श्री अखण्ड नवधा रामायण में मनमोहक भजन की प्रस्तुति दी

- स्कूली बच्चों को श्रीफल देकर सम्मानित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दिल्ली पब्लिक स्कूल महराजपुर-कवर्धा मे मानस समिति विद्यार्थियो एवं संगीत शिक्षक छन्नु निर्मलकर द्वारा निम्न ग्रामीणों में किया जा रहा है, जिसमें श्री अखंड नवधा रामायण में दिल्ली पब्लिक स्कूल कवर्धा द्वारा मानस समिति के विद्यार्थी द्वारा ग्राम भागुटोला मे स्कूली बच्चों द्वारा श्री अखंड नवधा रामायण का कार्यक्रम किया गया,



जिसमे दिल्ली पब्लिक स्कूल के तरफ से कथा वाचक छन्नू निर्मलकर और स्कूली विद्यार्थियों द्वारा शानदार मनमोहक भजन गायन की प्रस्तुति दी गई। जिसमे स्कूल के छात्र-छात्राओं व ग्रामीण द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया एवं सभी ग्रामीणों द्वारा स्कूली बच्चों को श्रीफल द्वारा सम्मानित किया गया। आगामी मानस मंच दरबार ग्राम कापा, खैरबना कला, डगनिया, जेवड़न कला, बितली इन सभी ग्रामीणों में दिल्ली पब्लिक स्कूल मानस परिवार महराजपुर में भाग लेगें। जिसमें व्याख्याकार पलक साहू, खुशबू साहू, भजन गायन आस्था चंद्रवंशी, ताशू साहू, कोरस खुशी तारम, उतकर्षी तिवारी, रिशिका चंद्रवंशी, मोनिका साहू, तबला वादन प्रशांत साहू, घुंघरु वादन पंकज ठाकुर किया।

# क्षेत्र की फैक्ट्री में गुड़ बनाने का कार्य जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के किसानों द्वारा गन्ना फसल की कटाई-छटाई के बाद सीधे गुड़ फैक्ट्री पहुंच रहें है। वहीं ग्रामीण किसानों को गन्ना फसल की ज्यादा कीमत में बढ़ोत्तरी से 415 से 430 रूपए तक प्रति क्विंटल की दर से खरीदी हो रही है। वहां क्षेत्र के गरीब व मजदूर परिवार को क्षेत्र में रोजगार मिल रही है। जिससे ग्रामीण गरीब परिवारों की आर्थिक सुधार हो रही है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बाजार में गुड़ का भाव प्रति किलो 50 से 60 रुपए में बिक रहे हैं, जो शक्कर से ज्यादा भाव में बिक रहे हैं अब नया गुड़ बाजार में आने लगे हैं और नागरिकों के मुंह मीठा होने लगी है वर्तमान में गुड़ फैक्ट्री में गुड़ बनाने की तैयारी जोर-शोर से हो रही है, जिससे मजदूरों व ग्रामीणों को रोजगार मिल रही है।

## पेंशनर्स एसोसियेशन संघ ने धूमधाम से मनाई बसंत पंचमी उत्सव



**हरिभूमि कवर्धा।** पेंशनर्स एसोसियेशन द्वारा बसंत पंचमी पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती की तैलचित्र में विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया। साथ ही साथ महाप्राण की उपाधि से सम्मानित कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में पेंशनर्स संध द्वारा एक महत्वपूर्ण विषय शिक्षा के साथ संस्कार देनें पर विशेष चर्चा की गई। इस संबंध में सदस्यों से अपने अपने विचार एवं सुझाव भी दिए गए। ताकि बच्चों के शिक्षकीय पाठ्यक्रम में जोड़ने हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया जा सकें, क्योंकि आज हम अपने बच्चों के व्यवहार से व्यथित है वर्तमान में यह चिंतानीम विषय बन गया है। कार्यक्रम में डॉ एनके यदु संरक्षक पेंशनर्स संघ प्रख्यात आशुकवि, गणेश शरण सोनी प्रतीक, प्रकाश देवांगन, संतोष ठाकुर, विजय कुमार सिंह सचिव व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## क्षेत्र क्रमांक 20 जनपद सदस्य के लिए हेमंत राव सिंह के नेतृत्व में नामांकन दाखिल किया प्रगेस तिवारी

**हरिभूमि कोलेगांव।** विधानसभा पंडरिया के क्षेत्र क्रमांक 20 से जनपद सदस्य के लिए पंडरिया राजा हेमंत राव सिंह पंडरिया राज के नेतृत्व में क्षेत्र क्रमांक 20 से जनपद सदस्य के लिए प्रगेश तिवारी ने सैकड़ो कार्यकर्ताओं व साथ ही साथ भारी समर्थनों के साथ बाजे-गाजे के साथ नामांकन दाखिल किया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में समर्थकों व कार्यकर्ताओं में चर्चा व जोर-जोर से दमखम के साथ भव्य रैली निकालकर क्षेत्र क्रमांक 20 से जनपद सदस्य के लिए हुंकार रैली निकाल कर समर्थकों से जन संपर्क किया।

### मंदिर समिति व पटुवा निवासियों की सराहनीय पहल

# ढोलबज्जा बाबा मंदिर समिति पटुवा में गौ-शाला संचालित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

दामापुर-ढोलबज्जा बाबा मंदिर चमत्कार के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की मंदिर में दोनों चैत्र व शारदीय नवरात्र में पूरे देश से श्रद्धालु व भक्तजन भारी संख्या में पहुंचकर मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित कराते है।

मंदिर में प्रति दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए पहुंचते हैं। वहीं मंदिर समिति गठित कर मंदिर की देख-रेख साथ ही साथ अन्य सामाजिक कार्यों का रूप-रेखा तैयार किया जाता है, ढोलबज्जा बाबा मंदिर के नाम से एंबुलेंस भी संचालित की जाती है, जिससे क्षेत्र में काफी राहत मिल रही है। आसपास क्षेत्र के मरीजों को तत्काल हॉस्पिटल सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है, समिति की पहल से गौ-शाला का निर्माण किया गया है, जहां गौ-माता को खाने पीने के लिए चारा पानी दिया जा रहा है।

वहीं आसपास क्षेत्र के ग्रामीण इस सराहनीय पहल के प्रशंसा कर रहे हैं। आज जिस तरस से गौ-माता सड़क में दर-बदर व गौ-माता चारा-पानी के लिए भटक रही है तथा सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं ऐसे समय में ढोलबज्जा बाबा मंदिर समिति पटुवा निवासियों द्वारा सराहनीय पहल किया जा रहा है।







## कार्रवाई: शिकार करने गए ग्रामीणों ने मृतक साथी के शव को लगाया था ठिकाने

# शिकार करने गए ग्रामीण की करंट से मौत, आठ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

जंगली सुअर का शिकार करने लगाए गए करंट प्रवाहित जाल में फंसकर एक ग्रामीण की मौत के मामले में तरेगांव जंगल पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में तरेगांव जंगल पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गत 14 जनवरी 2025 थाना क्षेत्र के ग्राम बंधौरा निवासी डोंगर सिंह धुर्वे आयु 49 वर्ष अपने घर से दलदली बाजार जाने के लिए निकला था लेकिन वापस नहीं लौटे। इस संबंध में परिजनो द्वारा थाना तरेगांव जंगल में गुमसुदगी दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने गुम इंसान क्रमांक 03/2025 दर्ज कर मामले को जांच में लिया था। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि डोंगर सिंह धुर्वे को ग्राम रब्दा में चैनसिंह के साथ देखा गया था। जांच में यह भी पाया गया कि वे 14 जनवरी 2025 की रात चैनसिंह के घर में रुके हुए थे और अगले दिन ग्राम सेमसाटा निवासी सोमा बैगा के घर चले गए, जहां उनके साथ ग्राम भरतपुर के श्रीराम बैगा और ग्राम दरई के रामसिंह भी मौजूद थे। पूछताछ में रामसिंह ने स्वीकार किया कि 15 जनवरी को वह सुखीराम बैगा, बालाराम, सोमा बैगा, रम्मु बैगा, श्रीराम गोंड़, जीतराम और श्रीराम बैगा के साथ जंगल मंथ सुअर का शिकार करने जीआई तार में बिजली करंट लगा रहे थे। इसी दौरान डोंगरसिंह धुर्वे की करंट लगने से मृत्यु हो गई। आरोपियों ने खुलासा किया कि घटना को छुपाने के लिए आरोपियों ने मृतक को ग्राम दरई जड़हाडीह खोधरा जंगल के किनारे दरार में छुपा दिया था। आरोपियों के इस खुलासे के बाद पुलिस ने घटना में शामिल सभी आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



### कुकदुर थाना में भी घट चुकी है घटना

यहां बताना लाजिमी होगा कि कुछ इसी तरह की घटना बीते महिने जिले के कुकदुर थाना से भी सामने आई थी। जिसमें वन्य प्राणी का शिकार करने गए एक ग्रामीण की करंट प्रवाहित जाल की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई थी। जिसके शव को उसके साथियों ने मध्यप्रदेश के जंगल में स्थित दलदल में छिपा दिया था। इस मामले में पुलिस ने करीब 10 लोगों को गिरफ्तार किया था।

### पुलिस ने बरामद किया मृतक का शव

आरोपी रामसिंह के निशानदेही पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का शव बरामद कर लिया है। जिसे परिजनों ने कपड़े और बालों से पहचान लिया। पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण बिजली करंट लगना बताया गया। प्रकरण में धारा 105, 238, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। वहीं पुलिस ने आरोपी सोमा बैगा के कब्जे से बिजली करंट लगाया गया जीआई तार तथा रामसिंह द्वारा छुपाई गई लकड़ी की बल्लियां गवाहों के समक्ष जप्त की है।

# आबकारी विभाग ने जब्त की 40 लाख रुपए की अवैध शराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

जिला आबकारी विभाग ने अवैध शराब के मामले में अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही करते हुए मध्य प्रदेश से अवैध शराब का बड़ा जखीरा बरामद किया है। यह कार्रवाई जिले के चिल्फी आबकारी जांच चौकी के पास की गई है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। इस संबंध में आबकरी विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक चिल्फी आबकारी जांच चौकी में वाहनो की नियमित जांच के दौरान विभाग ने 4437 बल्क लीटर कुल 24650 नग पौवा अवैध शराब जप्त की है। जिसका बाजार मूल्य 40 लाख 50 हजार 500 रूपए आंका गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी राजेश जामरे निवासी इंदौर मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया है। आरोपी अवैध शराब की इस बड़ी खेप को मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ में खपाने ला रहा था। गिरफ्त में आए आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34(2), 36 और 59(क) के तहत गैर जमानतीय प्रकरण दर्ज किया गया है और मामले की गहन जांच जारी है। इस कार्रवाई में स्थानीय आबकारी वृत्त बोड़ला के प्रभारी अभिनव कुमार रायजादा के नेतृत्व में कार्यवाही की गई। उनके साथ आबकारी उप निरीक्षक गीता साहू, अभिनव आनंद बख्शी, रामानंद दीवान, मुख्य आरक्षक विद्या सिंह परमार, कमल मेश्राम, अमर पिल्ले और इम्तियाज खान सहित सुरक्षा कर्मियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### एमपी से लाई जा रही थी शराब

आबकारी विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी राजेश जामरे के ट्रक से जप्त की गई शराब में 393 पेटी देशी मदिरा 19650 नग पौवा और 100 पेटी गोवा स्पेशल व्हिस्की 5000 नग पौवा शामिल हैं। दोनों प्रकार की शराब नॉन ड्यूटी पैड थी और यह केवल मध्य प्रदेश राज्य में बिक्री के लिए निर्धारित थी। शराब की कीमत 20 लाख 50 हजार 500 रुपए आंकी गई है, और साथ ही आरोपी के ट्रक को भी जप्त कर लिया गया, जिसकी कीमत 20 लाख रुपए बताई जा रही है।

### अवैध शराब के खिलाफ की सघन कार्रवाई

आबकारी विभाग के अधिकारियों ने इस अभियान के तहत अवैध शराब के विक्रय, धारण और परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। इस ऑपरेशन को लेकर छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग के अधिकारियों ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए थे, ताकि आगामी स्थानीय निकाय चुनाव और होली के त्यौहार को देखते हुए जिले में अवैध शराब की तस्करी पर काबू पाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### निर्वाचन के लिए अधिकारियों को प्रशिक्षण

**कवर्धा।** नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को सुचारु और प्रभावी बनाना है। बुधवार को नगर पंचायत इंदौरी के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों को समाग्री वितरण और वापसी प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में चुनाव से संबंधित सभी बारीकियों पर चर्चा की गई, ताकि हर अधिकारी को अपने कर्तव्यों की पूरी जानकारी हो और वह बिना किसी गलती के अपने कार्यों को संपन्न कर सके। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को नगरीय निकाय चुनाव के लिए आवश्यक चुनावी सामग्री का सही तरीके से वितरण करने की विधि और मतदान के बाद सामग्री की वापसी की प्रक्रिया के बारे में बताया गया।

### अधिकारी-कर्मचारी की लगाई गई ड्यूटी

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देश पर नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्वाचन कतर्व्य मतपत्र के माध्यम से सुविधा केन्द्र रक्षित केन्द्र, नया पुलिस लाइन, कवर्धा में मतदान कराए जाने के लिए अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई हैं। अधिकारी और कर्मचारी 07 फरवरी को मतदान कार्य में सहयोग करेंगे। निर्वाचन कार्य सुबह 10 बजे से लेकर सायं 5 बजे तक संपन्न होगा। सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी 06 फरवरी को सायं 4 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

# भाजपा ने जारी किया अटल विश्वास घोषणा पत्र

## जनता के लिए 20 प्रमुख घोषणाओं के साथ कई बिंदु शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने बुधवार को अपना चुनावी घोषणा पत्र अटल विश्वास पत्र घोषित किया। बुधवार को बकायदा कवर्धा के भाजपा चुनाव कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर सांसद संतोष पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा एवं निकाय चुनाव प्रभारी लोकेश कावड़िया की उपस्थिति में अटल विश्वास पत्र की घोषणा की गई है।

इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा जो हमने कहा वह किया। एक वर्ष पूर्व हमने जो मोदी की गारंटी वाली घोषणा पत्र जारी किया था उसमें प्रमुख विषयो को 1 वर्ष में ही पूरा कर लिया। इसके साथ पूरे छत्तीसगढ़ में फिर एक बार विकास ने गति पकड़ी है। इस एक वर्ष में ही कवर्धा शहर सहित सभी नगर पंचायतों में करोड़ो रूपए के विकास कार्य किए गए है जो धरातल में है और हम सब को नजर आ रहे हैं। उन्होने कहा कि इस निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अपने कामो को लेकर जनता के बीच जा रही है । सांसद श्री पाण्डेय ने दावा किया कि नगरी निकाय चुनाव में शत प्रतिशत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जीत कर पार्टी का परचम लहराने वाले है ।

उन्होंने कहा यह घोषणा पत्र अटल बिहारी की 100 वीं जयंती और अटल निर्माण वर्ष के अवसर पर, उनके योगदान और राष्ट्र निर्माण के दृष्टिकोण को सम्मानित करते हुए समर्पित किया गया है। अटल विश्वास पत्र का विमोचन करते हुए उन्होने कहा कि अटल विश्वास पत्र नगरीय निकाय क्षेत्र के भविष्य को तय करने का संकल्प है। आने वाले समय में नगरीय निकाय क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा जो काम करने वाली है, वह अटल विश्वास पत्र के रूप में हमारे सामने है।

जिस तरह से पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस की सरकार में पूरे प्रदेश में अराजकता थी, भ्रष्टाचार था, उसके चलते कांग्रेस छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास खो चुकी है। कांग्रेस ने प्रदेश के हर वर्ग के साथ छलावा किया था। इसलिए 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर जनता ने विश्वास करते हुए एक बड़ा जनादेश भाजपा को दिया। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा करने का काम प्रदेश की भाजपा सरकार ने किया है।

3100 रूपए प्रति क्विंटल धान की खरीदी 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी, 13 लाख किसानों का 3716 करोड़ रुपए धान का बकाया बोनस, महिलाओं के सशक्तीकरण की दृष्टि से महतारी वंदन योजना के तहत 1000 रूपए प्रति माह 70 लाख से अधिक माताओं-बहनों को दिया जा रहा है। रामलला दर्शन योजना में 23 हजार से ज्यादा लोगों ने रामलला के दर्शन कर चुके हैं। आदिवासी बाहुल्य बस्तर और सरगुजा संभाग में तेंदूपत्ता संग्रहण का मानदेय भी 4000 प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रूपए देना प्रारंभ कर दिया गया है। पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है।

### घोषणापत्र में शामिल प्रमुख बिंदु

घोषणा पत्र के प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा करते हुए भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि नगरीय विकास के क्षेत्र में, हमारा घोषणा-पत्र हर नागरिक की मूलभूत आवश्यकताओं और बेहतर जीवन की दिशा में कदम बढ़ाने का संकल्प लेता है। हम नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए नया कानून बनाएंगे और सभी पट्टा धारकों को भू-स्वामी बनाएंगे। रुकी हुई पीएम आवास-शहरी परियोजनाओं को तेजी से पूरा करेंगे और वर्तमान में स्वीकृत 3 लाख प्रधानमंत्री आवास का निर्माण सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा, जो लोग बिजली बिल और समेकित कर चुकाते है, उन्हें आवास बनाने की पात्रता दी जाएगी।

# जगद्गुरु शंकराचार्य के आगमन को लेकर लोगों में उत्साह

- गुप्ता समाज एवं राजपूत क्षत्रिय समाज की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा



श्रीमद्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग के नगर आगमन के पूर्व विभिन्न समाज प्रमुखों के साथ बैठक आयोजित हुई, जिसमें समाज प्रमुखों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा कार्यक्रम में तन-मन-धन से सहयोग करने का निर्णय लिया।

उल्लेखनीय है कि 9 वर्षो के अंतराल के पश्चात श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग का कवर्धा में आगमन हो रहा है। इस संबंध में आदित्यवाहिनी द्वारा सर्वप्रथम राजपूत क्षत्रिय समाज एवं गुप्ता समाज के साथ बैठक की गई। जिसमें सभी समाज प्रमुखों ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपने विचार रखें और आवश्यक सुझाव भी दिए।

राजपूत क्षत्रिय समाज एवं गुप्ता समाज ने प्रारंभिक बैठक में 51-51 हजार रुपए का नगद सहयोग प्रदान किया तथा आगे भी नगद एवं भंडारा की व्यवस्था में सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोर से की जारी है।

गुप्ता समाज अध्यक्ष प्रभात गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष गीता शरण गुप्ता, अजय गुप्ता, नारायण गुप्ता, बलदाऊ गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, संतोष गुप्ता, राजेश गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता, मनोज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज प्रमुख तथा समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# शातिर गुण्डा बदमाश को गिरफ्तार कर निकाला गया जुलुश



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुई/कुकदुर

थाना कुकदुर पुलिस द्वारा एक शातिर गुण्डा बदमाश के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर मुख्य मार्गो से जुलूस निकाला गया। पुलिस ने शातिर अपराधी शाकिर खान कुछ माह पूर्व ही गांजा तस्करी के प्रकरण में जेल से छूटा था। बाहर आते ही उसने पुनः ग्रामों में दादागिरी, मारपीट एवं भय उत्पन्न करने जैसी घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया। हाल ही में 05 फरवरी को आरोपी ने एक महिला के साथ मारपीट की, जिससे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। इस घटना पर थाना कुकदुर में अपराध क्रमांक 127/24, धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान आरोपी के विरुद्ध धारा 119(2) बीएनएस जोड़ी गई, जो कि अजमानतीय एवं आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान रखती है। अब आरोपी शाकिर खान आयु 34 वर्ष, निवासी कुई, थाना कुकदुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# भोरमदेव शक्कर कारखाना ने गन्ना विक्रेता किसानों को अब तक किया 33 करोड़ रुपए का भुगतान

- 2.46 लाख मीट्रिक टन गन्ने की पेराई से 2.23लाख क्विंटल शक्कर का उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

जिले में संचालित भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा पेराई सत्र 2024-25 के अंतर्गत गन्ना किसानों को अब तक कुल 33 करोड़ रुपए का गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है।

कारखाना प्रबंधन द्वारा गन्ना किसानों को समयबद्ध तरीके से भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 19 दिसंबर 2024 तक गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को 8.77 करोड़ रुपए का भुगतान 315.10 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किया गया है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा के प्रबंध संचालक जीएस शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान पेराई सत्र 2024-25 के अंतर्गत अब तक 2.46 लाख मीट्रिक टन गन्ने की पेराई की जा चुकी है, जिससे 2.23 लाख क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ है।

यह उपलब्धि गन्ना उत्पादक किसानों के सहयोग, उनकी मेहनत और कारखाना प्रबंधन के कुशल संचालन का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना क्षेत्र के गन्ना किसानों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य शासन की गन्ना नीति के तहत कारखाना प्रबंधन किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कर उनकी आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। समय पर भुगतान मिलने से किसानों का विश्वास भी कारखाने और शासन-प्रशासन पर लगातार बढ़ रहा है। कारखाना प्रबंधन ने गन्ना उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे कारखाने में परिपक्व, साफ-सुथरा, बिना अगवा और बिना जड़ वाला गन्ना आपूर्ति करें।

इससे न केवल शक्कर की रिकवरी दर में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों को भी बेहतर लाभ प्राप्त होगा। गन्ने की गुणवत्ता बढने से उत्पादन क्षमता में सुधार होगा और इसका सकारात्मक असर किसानों की आय पर भी पड़ेगा। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना, गन्ना किसानों के आर्थिक विकास के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कारखाना प्रबंधन का उद्देश्य किसानों के हितों को प्राथमिकता देना और उनके आर्थिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है।

## मतदान दल और अन्य मुद्दों पर कलेक्टर से की चर्चा

# टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि ने कलेक्टर से की मुलाकात




हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में कलेक्टर गोपाल वर्मा से मुलाकात कर त्रिस्तरिय पंचायत व नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 में मतदान दलों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि शिक्षकों की मतदान दल में ड्यूटी इस प्रकार लगाया जावे कि कोई भी शिक्षक अपने मताधिकार से वंचित न हो। कई शिक्षकों का नगरीय निकाय के साथ ही पंचायत निर्वाचन अर्थात दोनों चुनाव में ड्यूटी लगाया गया है। दोनों चुनावे की प्रक्रिया अलग-अलग है अर्थात एक का निर्वाचन बैलट पेपर से तो दूसरे का ईवीएम मशीन से होना है। अतः ऐसे शिक्षकों को दोनों में से किसी एक निर्वाचन के मतदान दल से मुक्त किया जावे। दिव्यांग, गंभीर बिमारी से पीड़ित, साठ साल से अधिक उम्र के शिक्षक, गर्भवती महिला एवं तीन वर्ष से कम उम्र के बच्चे वाले महिला शिक्षकों को निर्वाचन कार्य से मुक्त किया जावे। पंचायत निर्वाचन में मतदान केंद्र में ही मतपत्र की गणना किया जाता है। अतः मतदान केंद्रों में सुरक्षा की समुचित व्यवस्था किया जावे, ताकि गणना के समय अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। मतदान दलों के लिए मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधा फर्नीचर, शुद्ध पेयजल, महिला कर्मचारियों के लिए पृथक शौचालय व शयन कक्ष, भोजन बनाने हेतु रसोईया व भोजन सामग्री, शयन हेतु गद्दा, तकिया आदि की व्यवस्था किया जावे। कलेक्टर ने सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि कर्मचारियों-अधिकारियों को बेहतर सुविधा व सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। समस्याओं की गंभीरता का परीक्षण कर कुछ शिक्षकों को मतदान दल से मुक्त भी किया जा रहा है। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, गोकुल जायसवाल, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, लक्ष्मण मिरी, राजकिरण चन्द्रवंशी, चतुर मेरावी, प्रकाश केशरवानी, जलेश्वर साहू, भानू मिश्रा, लक्ष्मण चन्द्रवंशी, नरेंद्र चंद्रोल, राजेन्द्र निर्मलकर, पुरषोत्तम साहू, छवि निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

### प्रशिक्षण तिथि संशोधन की मांग

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि आगामी 9 फरवरी को छ्ग पीएससी प्रारंभिक परीक्षा तथा नगरीय निकाय मतदान के ठीक दूसरे दिन 12 फरवरी को मतदान दल के अधिकारियों का चुनाव प्रशिक्षण रखा गया है, जिसे संशोधित किए जाने की आवश्यकता है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक उत्सव का आयोजन




**स लोहारा ।** सरस्वती शिशु मंदिर सहसपुर लोहारा में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूपए में डॉ. अनिल कर्णावट वी वाय हॉस्पिटल रायपुर उपस्थित थे। अध्यक्षता शरद चोपड़ा नगर के प्रतिष्ठित नागरिक ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुगंध साहू थोक किराना व्यापारी, दीपक सोनी, नीलकंठ ठाकुर सेवानिवृत शिक्षक, प्रतीक सिंघानिया चार्टर अकाउंटेंट थान खम्हारिया उपस्थित थे। साथ ही विद्यालय समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं समस्त सदस्य गण प्राचार्य एवं समस्त विद्यालय स्टाफ पालक गण शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन हुआ और विद्यालय समिति के सचिव द्वारिका राम साहू द्वारा विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें पूरे वर्ष भर की विद्यालयीन गति विधि शामिल की गई थी। विद्या भारती की योजना अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पांच आधार भूत विषयों को केन्द्र मानते हुए वार्षिक उत्सव में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वाद्य यंत्र द्वारा मनमोहक नृत्य, नाटक और अभिनय कला का प्रदर्शन किया। जिससे उनमें संगीत शिक्षा के प्रति रुचि जागृत हो और साथ बच्चो का शारीरिक और मानसिक विकास के लिए शारीरिक प्रदर्शन में योग व्यायाम,योगासन और कराटें का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा प्रांतीय कबड्डी प्रतियोगिता में उपविजेता रही छात्राओं और छत्तीसगढ़ शासन के तहत जिला स्तरीय स्काउट गाइड के प्रभारी आचार्य और विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी तिलक कुंभकार को मुख्य अतिथि के द्वारा मोमेंटम प्रदान किया गया।